शनिवार हरिभूमि 25 मार्च 2023

## नई शिक्षा नीति 2022-शैक्षणिक नवाचार पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

# डिजिटल का हो रहा विस्तार, शिक्षक खुद को टेक्नोलॉजी से अपडेट रखें: प्रो. सुदेश

## महिला विश्वविद्यालय में शिक्षाविदों ने किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां के शिक्षा विभाग में शुक्रवार को नई शिक्षा नीति 2020-शैक्षिक नवाचार विषय पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ हो गया। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने किया। विशिष्ट अतिथि नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन के आईसीटी एवं मैनेजमेंट यूनिट के प्रोजेक्ट हेड प्रोफेसर डॉ. के श्रीनिवास रहे। कॉन्फ्रेंस के पहले सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी मोहाली के प्रो. वाईस चांसलर प्रो. मनप्रीत मन्ना और दूसरे सत्र में गुरु जम्भेश्वर विवि के ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट सेंटर की डिप्टी डायरेक्टर प्रो. वंदना पुनिया ने सम्बोधित किया। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि भारत में 2015 में ही भारत सरकार द्वारा डिजिटल इंडिया पहल की शुरूआत कर दी गई थी ताकि ऑनलाइन ढांचे को मजबूत किया जा सके। नागरिकों के बीच इंटरनेट का की पहुंच का विस्तार किया जा सके। करोना काल ने डिजिटल तकनीक के महत्व को और अधिक बढ़ा दिया। आज भारत डिजिटल शिक्षा की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहा है। देश में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर सरकार के फोकस से डिजिटल शिक्षा को बल मिला है। ऐसे में शिक्षक भी खुद को नवीन टेक्नोलॉजी से अपडेट रखें।



गोहाना। प्रतिभागियों को संबोधित करती महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश।

**शिक्षा का उद्देश्य जिम्मेदार नागरिक बनाना**: प्रो. के श्रीनिवास ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाना है। जिसमें निर्णायक होने के गुण के साथ-साथ समस्या का समाधान करने की क्षमता भी होनी चाहिए। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता शिक्षा विभाग की अध्यक्षा डॉ. सुमन दलाल ने की। संयोजन डॉ.रीना व डॉ. प्रिया ढींगरा का रहा।

वार   दैनिक भास्कर   26 मार्च

# नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों के लिए भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी : प्रो. मोहम्मद

## बीपीएस में नई शिक्षा नीति-2020 शैक्षिक नवाचार विषय पर कॉन्फ्रेंस संपन्न

भास्कर न्यूज | गोहाना



प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान करते प्रो. जितेंद्र कुमार व डॉ. सुमन दलाल।

किसी के देश का भविष्य वहां के युवाओं पर ही नहीं उनको पोषित करने वाली शिक्षा व्यवस्था पर निर्भर करती है। इनोवेटिव और प्रगतिशील शिक्षा व्यवस्था विकास की रीढ़ तैयार करती है। यह बात बीपीएस महिला विवि के शिक्षा विभाग में नई शिक्षा नीति-2020 शैक्षिक नवाचार विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस कही गई। इसमें नई शिक्षा नीति पर प्रकाश डाला। समापन सत्र में मुख्यअतिथि मरियम अबाचा अमेरिका विवि, नाइजीरिया के अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद इसरार ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली के उद्देश्यों की पूर्ति एवं विद्यार्थियों के सतत विकास में सहायक है। विद्यार्थियों का विकास के लिए उन्हें अनुकूल वातावरण देने की आवश्यकता है। यह शिक्षा नीति विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों के लिए भी महत्वपूर्ण एवं प्रभावी है।

विशिष्ट अतिथि ग्लोबल एजुकेशन रिसर्च एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. एसपी मल्होत्रा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्राचीन शिक्षा प्रणाली के साथ सामंजस्य बिठाया जा रहा है। संचार के साधन शिक्षा प्रणाली को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इ विभिन्न अध्ययन तरीकों एवं विधियों का समावेश मिश्रित शिक्षा प्रणाली में किया जा रहा है। मुख्य वक्ता महर्षि दयानंद विवि, रोहतक से एजुकेशन विभाग के प्रो. जितेंद्र कुमार ने कहा कि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन से विधार्थियों को आगे बढ़ने के अधिक अवसर मिलेंगे। सीखने के लिए विद्यार्थियों एवं पाठ्यक्रम में जिज्ञासा बनी रहनी चाहिए। उसके बाद उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस मौके पर शिक्षा विभाग की अध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल, डॉ. रीना, डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. सरला, डॉ. मोनिका आदि मौजूद रहे। मौजूद रहे।

शुक्रवार पंजाब केसरी 28 अप्रैल 2023

# ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल ने लिया मॉक साक्षात्कार

गोहाना, 27 अप्रैल (अरोड़ा) : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल द्वारा मॉक साक्षात्कार का आयोजन किया गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में डी.एड., बी.एड., एम.एड. व एम.ए. एजुकेशन की अंतिम वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया। साक्षात्कार विशेषज्ञों के एक पैनल द्वारा किया गया जिसमें डॉ. स्वयं, डॉ. सुमन दलाल, अंग्रेजी विभाग के प्रोफैसर अशोक वर्मा, अंग्रेजी विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. गीता फोगाट, शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. प्रिया धींगड़ा और शिक्षा विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. मोनिका शामिल थे।



*एक छात्रा का मॉक साक्षात्कार लेते हुए प्राध्यापक। (अरोड़ा)*

डॉ. सुमन दलाल ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल की कन्वीनर डॉ. मोनिका को इस आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से छात्राओं में मनोबल बढ़ता है और भविष्य में किसी भी साक्षात्कार का सामना करने के लिए आत्मविश्वास बढ़ता है।

डॉ. दलाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में छात्राओं को रजिस्ट्रेशन से लेकर रिज्यूम लिखने तक के लिए प्रशिक्षण दिया गया। साक्षात्कार दौरान पैनल द्वारा विद्यार्थियों को अपनी कमियों को सुधारने के लिए सुझाव दिए गए।

प्रो. अशोक वर्मा ने कहा कि साक्षात्कार में मुख्य रूप से विषय ज्ञान, व्यक्तित्व एवं अपनी योग्यता को प्रैजैंट करने के तरीके को देखा गया जिसमें बहुत सारी छात्राओं ने खुद को बहुत ही बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक प्रोफैसर डॉ. सुशीला एवं निधि भी उपस्थित रहीं।

# एम.एड., डी.एड. की छात्राएं पहुंचीं बाल दिव्यांगों से मिलने



जे.बी.टी. की छात्राएं दिव्यांग बच्चों और उनके शिक्षकों के साथ। (अरोड़ा)

गोहाना, 1 मई (अरोड़ा) : सोमवार को बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय की एम.एड. और डी.एड. की छात्राएं गोहाना में चौ. देवीलाल चौक स्थित जागृति दिव्यांग बाल केंद्र में पहुंचीं तथा बाल दिव्यांगों के साथ उनकी शिक्षिकाओं से ऐसे बच्चों की समस्याओं की जानकारी प्राप्त की।

महिला विश्वविद्यालय की टीम का नेतृत्व डिपार्टमैंट ऑफ एजुकेशन की सुमन श्योराण ने किया। एम.एड. के प्रथम वर्ष से रिया, अंजलि, उषा और रितु, डी.एड. के प्रथम वर्ष से काजल, तनु, भावना, उषा और राखी पहुंचीं।

जागृति दिव्यांग बाल केंद्र के एम.डी. डॉ. दलबीर राठी ने अगवानी की। केंद्र की शिक्षिकाओं में रेखा, भगवती, अंशु और खुशबू ने भावी अध्यापिकाओं को दिव्यांग बच्चों की समस्याओं और परेशानियां के बारे में बताया। छात्राओं ने स्वयं भी दिव्यांग बच्चों से बातचीत की।

# मुस्कान और सोनाली मिस फेयरवेल बनीं



खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला विवि में आयोजित विदाई समारोह में शिक्षिकाओं के साथ विभिन्न खिताब से नवाजी गईं छात्राएं। संवाद

गोहाना। खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह (बीपीएस) महिला विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग व एमएड प्रथम वर्ष और एमए एजुकेशन प्रथम वर्ष की छात्राओं ने अंतिम वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। एमएड द्वितीय वर्ष की मुस्कान और एमए एजुकेशन द्वितीय वर्ष की सोनाली को मिस फेयरवेल चुना गया।

एमएड द्वितीय वर्ष की प्रियंका को मिस टैलेंटेड, प्रीति को मिस पर्सनालिटी व एमए एजुकेशन द्वितीय वर्ष की रचना को मिस ब्यूटी के खिताब से नवाजा गया।

विभागाध्यक्ष डॉ. सुमन दलाल कहा कि विदाई समारोह का उद्देश्य जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक उत्साहपूर्ण माहौल तैयार करना होता है। जो छात्राएं अपनी पढ़ाई पूरी करके जा रही हैं, वह सकारात्मकता के साथ जीवन में आगे बढ़ें। इस मौके पर डॉ. प्रिया ढींगरा, डॉ. अन्नु बल्हारा, डॉ. सरला, डॉ. रीना रानी, डॉ. वरुणा, डॉ. मोनिका व डॉ. पूनम मौजूद रहीं। संवाद



# छात्राओं ने लगाई चार्ट प्रदर्शनी

गोहाना। खानपुर कलां स्थित बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के एजुकेशन डिपार्टमेंट की बीएड और डीएड की छात्राओं ने सोमवार को गामड़ी गांव के गवर्नमेंट हाई स्कूल में चार्ट प्रदर्शनी लगाई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से स्कूल के बच्चों को विभिन्न गतिविधियां करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। चार्ट प्रदर्शनी का शुभारंभ एजुकेशन डिपार्टमेंट की एचओडी डॉ. सुमन दलाल ने किया। संचालन एम.एड की छात्रा रिया विरोधिया ने किया तथा अध्यक्षता मेजबान स्कूल के हेडमास्टर श्रीराम शर्मा ने की। चार्ट प्रदर्शनी में प्रस्तुत चार्ट महिला विश्वविद्यालय द्वारा गवर्नमेंट हाई स्कूल को अपने परिसर में लगाने के लिए भेंट कर दिए गए।